उदय भवालकर

अकादेमी पुरस्कार:
हिन्दुस्तानी गायन संगीत (ध्रुपद)



UDAY BHAWALKAR

Akademi Award:
Hindustani Vocal (Dhrupad)

मध्य प्रदेश के जौरा टाउन (उज्जैन) में 5 फरवरी 1966 को जन्मे, श्री उदय भवालकर ने ध्रुपद केन्द्र, भोपाल और महाराष्ट्र के पनवेल स्थित ध्रुपद गुरुकुल में ध्रुपद संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उस्ताद जिया मोहिउद्दीन डागर के मार्गदर्शन में रुद्र वीणा वादन का, तो उस्ताद जिया फरीदुद्दीन डागर के संरक्षण में ध्रुपद गायन की तालीम आपने हासिल की है। आप डागर बानी परम्परा में प्रशिक्षित हैं।

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से आपको कनिष्ठ अध्येतावृत्ति मिल चुकी है। आप आईटीसी संगीत अनुसंधान एकेडमी, कोलकाता के फैकल्टी हैं और आपने बहुत से छात्रों को ध्रुपद संगीत की शिक्षा दी है। ध्रुपद संगीत की विजिटिंग फैकल्टी के रूप में आप देश–विदेश के कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों से जुड़े हैं। आपके संगीत की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं।

हिन्दुस्तानी गायन संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए आपको देश–विदेश की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया गया कुमार गंधर्व पुरस्कार (2001), और रजा फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा दिया गया रजा फाउंडेशन पुरस्कार (2007) भी शामिल हैं।

श्री उदय भवालकर को ध्रुपद संगीत में योगदान के लिए वर्ष 2021 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 5 February 1966 at Jaora Town (Ujjain) in Madhya Pradesh, Shri Uday Bhawalkar received his training in Hindustani vocal music – Dhrupad under the tutelage of Ustad Zia Mohiuddin Dagar (Rudra Veena) and Ustad Zia Fariduddin Dagar (vocal) at Dhrupad Kendra, Bhopal, and Dhrupad Gurukul, Panvel, Maharashtra. He is trained in the Dagar Bani tradition.

A recipient of the Junior Fellowship of the Ministry of Culture, Government of India, and a faculty at ITC Sangeet Research Academy, Kolkata, Shri Bhawalkar has trained many students. He has been associated with many prestigious cultural institutions and Universities in India and abroad, as visiting faculty of Dhrupad music. He has many recordings to his credit.

For his contribution in the field of Hindustani vocal music, he has been honoured with many prestigious titles and awards from prestigious cultural institutions in India and abroad. These include the Kumar Gandharva Award bestowed by the Government of Madhya Pradesh (2001), and the Raza Foundation Award given by Raza Foundation, Delhi in 2007.

Shri Uday Bhawalkar receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2021 for his contribution to Dhrupad music.